भोले शंकर भोले बाबा | by Y.K. Vij

नमो ॐ नमः .....
नमो ॐ नमः .....

भोले शंकर भोले बाबा
तू ही है मेरा रखवाला

भोले शंकर भोले बाबा
तू ही मेरा रखवाला
तू ही है कन्हैया मेरा
मैं तो हूँ तेरा ग्वाला

सृष्टि चलाने वाले भोले मेरी अर्ज़ भी सुनले
मुझे पकड़ कर थाम लेना जहाँ हूँ में गिरने वाला
भोले शंकर भोले बाबा तू ही मेरा रखवाला .....

ना जानू मैं पूजा तेरी ना कर पाऊं व्रत तेरा
अज्ञानी मैं जीवन पथ का तू ही कर उद्धार मेरा
भोले शंकर भोले बाबा तू ही मेरा रखवाला .....

तेरी किरपा हो जो बाबा सब रस्ते खुल जाते हैं
दु:ख और कांटे इस जीवन के सब फूल बन जाते हैं
भोले शंकर भोले बाबा तू ही मेरा रखवाला .....

नमो ॐ नमः .....
नमो ॐ नमः .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-y-k-vij/